प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 17वें रोज़गार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। राजधानी शिमला में भी यह कार्यक्रम बैम्लोई स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे जहां वह बुंबलू में हैलीपैड का विधिवत उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान  बड़सर में नवनिर्मित मिनी सचिवालय का भी उदघाटन करेंगे। बड़सर में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य उपकेंद्र बणी के भवन का लोकार्पण करेंगे और मान खड्ड पर बनने वाले चैक डैम व धनेटा–बड़सर सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मिनी सचिवालय परिसर में मुख्यमंत्री एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

विश्रामगृह

प्रदेश की जनता की सुविधा के लिए सरकार ने इस वर्ष जून माह से लोक निर्माण विभाग के सभी विश्राम गृहों की बुकिंग को ऑनलाइन किया है इससे न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है, बल्कि राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि पहले आम जनता के लिए  विश्राम गृहों की बुकिंग आसानी से प्राप्त नहीं होती थी। इस पहल से विश्राम गृहों की बुकिंग में इजाफा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में सभी छोटे और बड़े कार्यालय डिजिटल हों ताकि लोगों को घर–द्वार पर ही सभी सुविधाएं मिल सकें।

योजना

शिमला शहर में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित 570 करोड़ की चौबासों घंटे सातों दिन निर्बाध पानी की योजना के तहत कार्य तेजी से जारी है। सतलुज जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर में मशोबरा से पहले चरण मे यह सुविधा इस वर्ष के अंत तक शुरू होगी और इसके बाद ढली और संजौली क्षेत्रों को योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना से शहर में 42 मिलीयन लीटर पानी हर रोज उपलब्ध होगा और अगले 50 वर्षों तक की आपूर्ति की बढ़त को पूरा करने के लिए इस योजना को 65 मिलीयन लीटर तक बढ़ाया जा सकता है।

त्रिलोक जम्वाल

प्रदेश में आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार पर जानबूझ कर देरी करने का आरोप लगा रही है। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जमवाल ने कहा कि पंचायती राज चुनाव में सरकार की ओर से टालमटोल की जा रही है क्योंकि इस बार प्रदेश में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत पर संशय है। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन दिसंबर में ही वोटिंग करवाना चाह रहा है, क्योंकि जनवरी में प्रदेश के कई भागों में भारी बर्फबारी होती है और अब तक आरक्षण रोस्टर भी नहीं लाया जा सका है जिससे चुनाव समय पर होने को लेकर संशय बना हुआ है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। बीते कल पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के 6 जिलों में वर्षा, ओलावृष्टि और हल्का हिमपात दर्ज हुआ जिससे प्रदेश भर के कई स्थानों पर तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ। इस दौरान सबसे कम तापमान ताबो में माइनस 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज से 29 अक्तूबर तक प्रदेश भर में मौसम साफ बने रहने की संभावना है।